## Monthly Lesson Plan Class- 2nd APRIL 2025

**No of Teaching Days 20**

**TOPIC: Reading and Formation of वर्णमाला**

आ, इ की मात्रा

**Words**

**Fillups**

**Name of the picture**

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** छात्रों को वर्णमाना का सही उच्चारण करना तथा लिखना सीख सकेंगे। दो,तीन, चार अक्षर वाले अमात्रिक शब्दों को सही ढंग से सीख पाएंगे। इसके साथ ही वर्णमाला की Formation को भी उचित ढंग से लिखने में सक्षम होंगे। आ, इ की मात्रा का व्यंजनों के साथ सही ढंग से प्रयोग कर बोलने तथा लिखने में भी सक्षम होंगे। सीखी गई मात्राओं से नए-नए शब्द बना कर लिखने, बोलने में सक्षम होंगे।

**P.K. Testing :** छात्रों को श्यामपट्ट पर कुछ स्वर, व्यंजन तथा अमात्रिक शब्द लिखकर उन्हें पढ़ने के लिए कहा जाएगा। कुछ चित्र देखाकर उनका नाम पूछा जाएगा।

**Teaching Adis:** पुस्तक, श्यामपट्ट, छात्रों को 'आ' की मात्रा, इ की मात्रा के चित्र दिखाए जाएँगे। छात्रों को कक्षा में से आ, इ की मात्रा वाली वस्तुओं जैसे अलमारी, किताब, गिलास आदि दिखाकर समझाया जाएगा।

**Pedagogical Strategies :** छात्रों का परिचय लेने के बाद उन्हें पुस्तक के बारे में बताया जाएगा। 'आ' की मात्रा की reading चित्रों सहित करवाई जाएगी। छात्रों को बारहखड़ी श्यामपट्ट पर लिखकर उसे सही ढंग से पढ़ना सिखाया जाएगा। आ, इ की

मात्रा के चित्र दिखाकर समझाया जाएगा। तबला, गमला, नाव, टमाटर, पचास, बरसात, बादल - आ की मात्रा के शब्द हैं।

**बारहखड़ी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| का | खा | गा | घा | |
| चा | छा | जा | झा | |
| टा | ठा | डा | ढा | णा |
| ता | था | दा | धा | ना |
| पा | फा | बा | भा | मा |

छात्रों को आ की मात्रा को सही ढंग से लिखना सिखाया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि आ की मात्रा लिखते समय मात्रा को व्यंजन के साथ ही नीचे line तक touch करना होता है।

| सही विधि | गलत विधि |
|---|---|
| ता रा | रा मा |

आ की मात्रा के शब्द समझा कर कॉपी (उत्तर पुस्तिका) पर लिखवाए जाएँगे। जैसे

**आ की मात्रा के शब्द (Words)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार | बाज़ार | इनाम | बादाम |
| आकाश | कपास | वरदान | तालाब |

इसके पश्चात छात्रों को विभिन्न चित्र बना कर जो आ की मात्रा से ही संबंधित होंगे उनके नाम लिखने सिखाए जाएँगे।

Name of the pictures

1. टमाटर
2. बादल
   बरसात
3. नाव

छात्रों को 'आ' की मात्रा के खाली स्थान पूरे करो करवाए जाएँगे।

Fill ups (खाली स्थान)

1. रमा चालाक मत बन।

2. गाय भाग गई।

इसके बाद छात्रों को 'इ' की मात्रा की बारहखड़ी करवाई जाएगी। छात्रों को 'इ' की मात्रा का सही उच्चारण करना सिखाया जाएगा।

**बारहखड़ी** इ ( ि )

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कि | खि | गि | घि | |
| चि | छि | जि | झि | |
| टि | ठि | डि | ढि | णि |
| ति | थि | दि | धि | नि |
| पि | फि | बि | भि | मि |

'इ' की मात्रा के शब्द अच्छी तरह समझाकर उत्तर पुस्तिका पर लिखवाए जाएँगे। छात्रों से पूछा जाएगा कि कक्षा के किन छात्रों के नाम में 'इ' की मात्रा आती है।

इ ( ि ) की मात्रा के शब्द (Words)

| | | |
|---|---|---|
| 1. गिन | 3. हानि | 5. पिकनिक |
| 2. किला | 4. डिबिया | 6. शनिवार |

फिर छात्रों को 'इ' की मात्रा की Name the pictures करवाई जाएगी। कक्षा में दिखाई देने वाली 'इ' की मात्रा के शब्द पूछे जाएँगे। जैसे किताब, गिलास आदि।

छात्रों को 'इ' की मात्रा के रिक्त स्थान भरों। Fillups करवाए जाएँगे।

Fill ups (खाली स्थान)

1. दिन निकल आया।

2. उसका परिवार शिमला गया।

3. चिड़िया तिनका लाई ।

छात्रों को कक्षा में करवाई गई आ, इ की मात्रा पर कविता की एक एक पंक्ति भी याद करवाई जाएगी।

अ - अ से अनार जो भी खाता,

अपनी सेहत खूब बनाता

आ - आ से आम फलों का राजा

इसको खाओ ताज़ा-ताज़ा।

इ - इ से इमारत कैसी है, ये तो घर के जैसी है।

गतिविधि - आ से शुरु होने वाली चीज़ों पर सही का निशान लगाओ तथा 'इ' की मात्रा से शुरु होने वाली चीज़ों में रंग भरो।

'आ' से शुरु होने वाले चित्रों पर सही (✓) का निशान लगाओ।

**Art Integration :** इ की मात्रा वाले चित्रों से रंग भरो।

'इ' 'ि' की मात्रा वाले चित्रों में रंग भरो।

**Interdisciplinary Linkages and Infusion of Life skills :** छात्रों को आ, इ की मात्रा से शुरु होने वाले फल और सब्जियों के गुण बता कर उनकी अच्छी खान-पान की आदतों का विकास किया जाएगा। गाजर में पाए जाने वाले विटामिन को बताया जाएगा जिससे उनके सामान्य ज्ञान का विकास होगा।

**Information and Communication Technology**: मात्राओं (आ, इ) का सही उच्चारण सिखाने के लिए अध्यापिका द्वारा स्वयं बोलकर audio recording भी share की जाएगी।

जैसे आराम - आ + र + ा + म

बाज़ार - ब + आ + ज़ + आ + र

पाठशाला - प + आ+ ठ + अ + श+ आ+ ल+ आ

'इ' की मात्रा का शब्द पढ़ते समय

द + इ + व + स

द + ि + व + स

**Link: youtube links:**

https://youtube.com/watch?v=izD 2bmwbuBE& feature= share

https://youtube.com/watch?v=-7-LpYW70Jc&feature=share

Assessment Items

Practice worksheet

प्र1. 'आ' की मात्रा के शब्द लिखो।

प्र2. Name the pictures

प्र3. Fill ups

1. नमन .......... बजा। (तलबा, तबला)

2. .......... तिनका लाई। (चिड़िया, चिड़या)

Practice Worksheet -2

प्र1. 'इ' की मात्रा के शब्द लिखो।

प्र2. Name the pictures

प्र3. Fill ups

1. राजा .......... बजा। (सिरात, सितार)

2. .......... तिनका लाई। (चिड़िया, चिड़या)

**Remedial Teaching:** उच्चारण के लिए बच्चों को पास बुलाकर अलग-अलग शब्दों का उच्चारण सिखाया जाएगा। Formation सुधारने के लिए छात्रों की कॉपी (उत्तर पुस्तिका) पर लिखना सिखाया जाएगा।

## Monthly Lesson Plan Class- 2nd MAY 2025

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** ई, उ की मात्रा

**Words**

**Name of the picture & रंगों के नाम**

**Fill ups**

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इसमें छात्र सीखेंगे कि किस तरह से ई, उ की मात्रा लगाकर शब्द बनाए जाते हैं।

**Understanding Objective:** छात्र करवाई गई मात्राओं के नए-नए शब्द शुद्ध रुप से बोलना, पढ़ना व लिखना सीखेंगे।

**Skill Objective:** छात्र इ, ई की मात्राओं का सही रुप से प्रयोग करने में सक्षम होंगे।

**Previous Knowledge testing:** 'आ' की मात्रा के फल तथा सब्जियों के नाम बताओ।

आम किस रंग का होता है?

**Teaching Adis:** Chalk, duster, books, flash cards, board, youtube links

**Pedagogical Strategies :** पुस्तक में से ई, उ की मात्रा के शब्दों के चित्रों सहित reading करवाई जाएगी। कुछ नए-नए शब्द श्याम पट्ट पर लिखकर भी पढ़ने सिखाए जायेंगे। छात्रों को इ, ई की मात्रा को पढ़ते समय सही उच्चारण करना सिखाया जायेगा।

दिन - दीन

तितली - तीतर

छात्रों को बताया जाएगा कि 'ई' की मात्रा बोलते समय थोड़ा ज्यादा ज़ोर लगता है। 'ई' की मात्रा के शब्द कॉपी पर समझाकर लिखवाए जाएँगे।

ई - 'ई' की मात्रा के शब्द (words) कीड़ा, थाली, नदी, कमीज़, तीस, गीदड़, खिलाड़ी, दीपक इसके पश्चात 'इ' की मात्रा के चित्रों के नाम कॉपी पर समझाकर लिखवाए जाएँगे।

Name of the pictures

शब्द तथा चित्रों के नाम लिखवाने के पश्चात 'इ' की मात्रा के fill ups करवाए जाएँगे।

**Fill ups**

1. खीरा मत काट।
2. चाची नई कमीज़ सिल।

इसके बाद छात्रों को उ की मात्रा के शब्दों की reading करवाई जाएगी। छात्रों को सिखाया जाएग कि 'उ' की मात्रा की reading किस तरह से करेंगे।

मधुबन - म + ध+ ु ( उ) + ब + न

रुपया - र + उ + प + य + आ

अर्थात् शब्दों को तोड़ कर पढ़ने का सिखाया जाएगा।

छात्रों को 'उ' की मात्रा के चित्रों के नाम करवाए जाएँगे। पहले 'उ' की मात्रा के चित्र बनाने सिखाए जाएँगे फिर उनके नाम लिखने सिखाए जाएँगे।

Name the pictures

'उ' की मात्रा के fill ups भी समझा कर करवाए जाएँगे।

**Fill ups**

1. पुजारी की सुराही बड़ी थी।
2. गुलाब का बीज़ लगा।

छात्रों को 'रंगों के नाम' समझा कर कॉपी पर लिखवाए जाएँगे। छात्र अंग्रेजी में Colours के नाम जानते हैं। उन्हें हिंदी में क्या बोल जाता समझाया जाएगा। उदहारण Red Colour को हिंदी में लाल रंग कहा जाता है।

रंगों के नाम

| | |
|---|---|
| 1. लाल | 4. नीला |
| 2. काला | 5. पीला |
| 3. हरा | 6. गुलाबी |

**Flash Cards- Experimental Learning** अलग-अलग मात्राओं के चित्र गत्ते पर काट कर लगाने के लिए छात्रों को कहा जाएगा। छात्रों को सभी Flash cards एक टोकरी में डालने को कहा जाएगा। अध्यापिका छात्र को पूछी गई मात्रा के चित्र टोकरी में से ढूँढने को कहेगी। इस प्रकार खेल विधि द्वारा छात्र मात्राएँ सीख पाएँगे।

**Art Integration :** छात्रों को मात्रा से संबंधित चित्र बना कर उसमें रंग भरने को कहा जाएगा।

**Interdisciplinary Linkages and Infusion of Life skills :** छात्रों को उनके आस-पास पाई जाने वाली, प्रकृति में पाई जाने वाली अलग-अलग वस्तुएँ दिखाकर रंगों की पहचान करवाई जाएगी।

रंगों के नाम

| | |
|---|---|
| हर | लाल |
| पीला | आसमानी (नीला) |

**Information and Communication Technology**: मात्राओं (ई, उ) का सही उच्चारण सिखाने के लिए अध्यापिका द्वारा स्वयं बोलकर audio recording भी share की जाएगी। रंगों की भी audio video भेजी जाएगी।

Youtube links:

https://youtube.com/watch?v=fzdTvqA8jxg&feature=share

https://youtube/POPCF8Zrp8

उ की मात्रा पढ़ते समय

कुसुम - क+ उ+ स + उ+ म

Assessment Items:

Practice Worksheet:

प्र1. ई की मात्रा के शब्द लिखो।

प्र2. Name of the pictures

प्र3. Fill ups 1. रमन .......... खा । इमली/ इमलि

**Practice Worksheet**

प्र1. 'उ' की मात्रा के शब्द लिखो।

प्र2. Name the pictures

प्र3 Fill ups : 1. रमन ....... खा। (जामुन/ जमुन)

**Remedial Teaching:** मात्राओं का उच्चारण सिखाने के लिए छात्रों को पास बुलाकर reading करवाई जाएगी। जो छात्र मात्रा पिछड़ रहे होंगे उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा सुंदर लिखाई तथा बनावट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**Inclusive Practices and full participation without discrimination:** छात्रों से बिना किसी भेदभाव के reading करवाई जाएगी। मौखिक चर्चा के बाद मौखिक दोहराई करवा कर लिखित दोहराई भी करवाई जाएगी।

**Monthly Lesson Plan Class- 2nd** **JULY 2025**

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** ऊ, ऋ की मात्रा के शब्द

**Words**

**Name of the picture**

**Fill ups**

शरीर के अंगों के नाम

जंगली, पालतू जानवरों के नाम

**Rev. of periodic**

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इसमें छात्र सीखेंगे कि किस तरह ऊ, ऋ की मात्रा लगाकर नए-नए शब्द बनाए जाते हैं। वे शरीर के अंगों के नाम सीखेंगे तथा पालतू तथा जंगली जानवरों को अलग-अलग से समझ पाएँगे।

**Understanding Objective:** छात्र करवाई गई मात्राओं के नए-नए शब्द शुद्ध रुप से बोलना, पढ़ना तथा लिखना सीखेंगे। वे जान पाएँगे कि पालतू जानवर तथा जंगली जानवर कौन कौन से हैं। अर्थात् घर में पाले जाने वाले जानवरों के पालतू जानवत तथा जंगलों में रहने वाले जानवरों को जंगली जानवर कहते हैं।

जंगली जानवर : जिन जानवरों को जंगलों मे पाया जाता है - शेर, चीता बाघ आदि

पालतू जानवरः जिन जानवरों को घरों में रखा जाता हैः कुत्ता, बिल्ली, आदि

**Skill Objective:** छात्र उ, ऋ की मात्राओं का सही रुप से प्रयोग करने में सक्षम होंगे।

**Previous Knowledge testing:** क्या आपने अपने घर में कोई जानवर पाल रखा है ?

शेर कहाँ रहता है?

**Teaching Adis:** Chalk, duster, books, flash cards, board, youtube links

**Pedagogical Strategies :** 'वल्लरी' पुस्तक में से ई, उ की मात्रा के शब्दों की reading करवाई जाएगी। इन शब्दों के चित्र भी श्याम पट्ट पर बनाकर दिखाए जाएँगे। छात्रों को ऊ, ऋ की मात्रा के शब्दों का सही उच्चारण करना भी सिखाया जाएगा।

'ऊ' की मात्रा की बारहखड़ी board पर लिखकर पढ़ाई जाएगी ताकि छात्र सही ढंग से पढ़ना सीख सकें।

बारहखड़ी

कू खू गू घू

चू छू जू झू

टू ठू डू ढू णू

पू फू बू भू मू

यू रु लू वू

शू षू सू हू

क्षू श्रू ज्ञू श्रू

'ऊ' की मात्रा के शब्द उत्तर पुस्तिका copy पर लिखवाए जाएँगे।

'ऊ' ू की मात्रा के शब्द (words)

1. चूहा, खरबूज़ा, तरबूज़, मूली, फूल, खुशबू

इसके पश्चात 'ऊ' की मात्रा के Name the pictures करवाई जाएँगी।

'ऊ' की मात्रा के fill ups (खाली स्थान) भरो करवाए जाएँगें।

Fill ups

1. बाग जाकर .......... ला। (फूल / फुल)

2. .......... ने जादू दिखाया (जादुगर, जादूगर)

छात्रों की ऋ की मात्रा की reading करवाई जाएगी।

बारहखड़ी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कृ | खृ | गृ | घृ | |
| चृ | छृ | जृ | झृ | |
| टृ | ठृ | डृ | ढृ | णृ |
| तृ | थृ | दृ | धृ | नृ |
| पृ | फृ | बृ | भृ | मृ |
| यृ | रृ | लृ | वृ | |
| शृ | षृ | सृ | हृ | |
| क्षृ | त्रृ | ज्ञृ | श्रृ | |

'ऋ' की मात्रा के नए-नए शब्द कॉपी पर समझाकर करवाए जाएँगे।

ऋ की मात्रा के शब्द

| | | |
|---|---|---|
| कृषि | ऋषि | गृह |
| कृषक | ऋषभ | मृग |

छात्रों को ऋ की मात्रा ृ की मात्रा की fill-ups समझा कर करवाए जाऐंगे।

**Fill ups**

1. ....... बड़ा था। (वृक्ष, वक्षृ)

2. ....... हल चला। (कृषक, कृशक)

इसके पश्चात छात्रों को पालतू तथा जंगली जानवरों के नाम समझा कर कॉपी पर लिखवाए जाएँगे।

| जंगली जानवर | पालतू जानवर |
|---|---|
| शेर | कुत्ता |
| चीता | बिल्ली |
| बाघ | खरगोश |

छात्रों को July Periodic test का मौखिक अभ्यास करवाने के साथ साथ लिखित अभ्यास भी करवाया जाएगा।

**Flash cards - Experimental Learning :** चिड़िया घर की सैर- छात्रों को पालतू तथा जंगली जानवरों में भेद बताने के लिए उन्हें चिड़िया ले जा कर पिंजरे में बंद जानवर दिखाकर समझाया जाएगा गत्ते पर पुरानी पुस्तकों में से जंगली तथा पालतू जानवरों के चित्र काट कर गत्ते पर लगाकर flash cards बनाने के लिए छात्रों को कहा जाएगा।

**Art integration** छात्रों को शरीर के अंगों के चित्र बनाकर उनमें रंग भरने को कहा जाएगा।

रंग भरो

छात्रों को शरीर के अंगों पर एक कविता भी सिखाई जाएगी।

## कविता

शरीर के अंग एवं उनके कार्य

आँखें देखें, कान सुनते, जीभ लेती स्वाद नाक सूँघे, गन्ध को, त्वचा करे अहसास, हड्डी करती ढाँचा निर्मित करती अंग सुरक्षा, मांसपेशियों के द्वारा हर अंग हिलता-डुलता

**Interdisciplinary Linkages and Infusion of Life skills :** छात्रों को शरीर के विभिन्न अंगों के नाम तथा उनकी विशेषताओं को सीखेंगे। उन्हें ज्ञान इन्द्रियों के बारे में भी पता चलेगा।

नाक कान आँख जीव

**Information and Communication Technology**: मात्राओं का सही उच्चारण सिखाने के लिए अध्यापिका द्वारा स्वयं स्वयं बोलकर audio recording भी share की जाएगी।

शरीर के अंगों के नाम तथा पालतू और जंगली जानवरों के नाम की youtube links भी share किए जाएँगे।

Youtube links:

https://youtu.be/HBAzQbyKkQw

https://youtube/tLLj2mGfWgE

छात्रों को सिखाया जाएगा कि 'उ, ऊ' की मात्रा का सही उच्चारण कैसे किया जाता है जिसकी audio recording भी भेजी जाएगी।

Assessment Sheets :

**Practice worksheet**

प्र1. 'उ' की मात्रा के शब्द लिखो।

प्र2. Name the pictures

प्र3 Fill ups : ........ कुरता कुतर गया। (चूहा/ चुहा)

**Practice Worksheet:**

प्र1. जंगली जानवरों के नाम लिखो।

प्र2. शरीर के अंगों के नाम लिखो।

1. 2. 3. 4.

**Practice Worksheet**

प्र1. 'ऋ' की मात्रा के शब्द लिखो।

प्र2. Name the pictures

प्र3 Fill ups : ....... भाग गया। (मगृ/ मृग)

**Remedial Teaching:** मात्राओं का उच्चारण सिखाने के लिए छात्रों को पास बुलाकर reading करवाई जाएगी। जो छात्र मात्रा को सही ढंग से पढ़ पाने में पिछड़ रहे होंगे उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सुंदर लिखाई तथ बनावट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**Inclusive Practices and full participation without discrimination:** छात्रों से बिना किसी भेदभाव से reading करवाई जाएगी। मौखिक चर्चा के बाद मौखिक दोहराई करवाकर लिखित दोहराई भी करवाई जाएगी।

**Monthly Lesson Plan Class- 2nd AUGUST 2025**

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** ए, ऐ की मात्रा के शब्द

**Words**

**Name of the picture**

**Fill ups**

चित्र वर्णन

फूलों के नाम

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इसमें छात्र सीखेंगे कि किस तरह 'ए, ऐ' की मात्रा लगाकर नए-नए शब्द बनाए जाते हैं। वे अलग-अलग प्रकार के फूलों के नाम हिंदी में जान पाएँगे।

**Understanding Objective:** करवाई गई मात्राओं के नए-नए शब्द शुद्ध रुप से बोलना, पढ़ना व लिखना सीखेंगे। छात्र किसी भी चित्र का वर्णन करने में सक्षम होना सीखेंगे।

**Skill Objective:** छात्र 'ए, ऐ' की मात्राओं का सही रुप से प्रयोग करने में सक्षम होंगे।

**Previous Knowledge testing:** क्या आपके घर में फूल लगे हैं?

गुलाब के फूल का रंग बताओ।

**Teaching Adis:** Chalk, duster, books, flash cards, board, youtube links

**Pedagogical Strategies :** 'वल्लरी' पुस्तक में से 'ए, ऐ' की मात्रा के शब्दों की reading करवाई जाएगी। शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखकर भी सही ढंग से

उच्चारण करना सिखाया जाएगा। इन मात्राओं के चित्र भी board पर बनाकर दिखाए जाएँगे। छात्रों को 'ए, ऐ' की मात्रा का सही ढंग से उच्चारण करना सिखाया जाएगा। छात्रों 'ए, ऐ' की मात्राओं के अंतर को समझाया जाएगा।

बारहखड़ी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| के | खे | गे | घे | |
| चे | छे | जे | झे | |
| टे | ठे | डे | ढे | णे |
| ते | थे | दे | धे | ने |
| पे | फे | बे | भे | मे |
| ये | रे | ले | वे | |
| शे | षे | से | हे | |
| क्षे | श्रे | ज्ञे | श्रे | |

'ए' की मात्रा के शब्द समझाकर कॉपी पर लिखवाए जाएँगे।

**Words**

| | | | |
|---|---|---|---|
| केला, | सेब, | मेघ, | नेवला |
| बेकार, | केसरिया, | हवेली, | सहेली |

'ए' की मात्रा की Name the pictures समझा कर करवाई जाएँगी।

सेब मेघ ठेला

'ए' की मात्रा की Fill ups (खाली स्थान भरो) करवाए जाएँगे।

Fill ups

1. .......... गरज रहे थे। (मेग / मेघ)

2. केतली में चाय थी।

3. उसका बेटा आगरा गया।

छात्रों को 'ऐ' की मात्रा की reading करवाई जाएगी। बारहखड़ी लिखकर 'ऐ' की मात्रा का सही ढंग से उच्चारण करना सिखाया जाएगा।

ऐ (बारहखड़ी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कै | खै | गै | घै | |
| चै | छै | जै | झै | |
| टै | ठै | डै | ढै | णै |
| तै | थै | दै | धै | नै |
| पै | फै | बै | भै | मै |
| यै | रै | लै | वै | |
| शै | षै | सै | है | |
| क्षै | श्रै | ज्ञै | श्रै | |

'ऐ' की मात्रा के नए-नए शब्द कॉपी पर समझाकर लिखवाए जाएँगे।

**Words**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बैल | पैदल | डकैत | फैसला |
| मैल | सैनिक | पैगाम | कैमरा |

छात्रों को 'ऐ' की मात्रा की Name the picture करवाई जाएगी।

1. कैमरा
2. ऐनक

छात्रों को 'ऐ' की मात्रा के fill ups समझा कर करवाए जााएँगे।

1. बालक मैदान में खेल रहा था।
2. कृषक के पास बैलगाड़ी थी।

छात्रों को 'चित्र वर्णन' करना सिखाया जाएगा। उन्हें कोई एक चित्र दिखाकर उसमें लोगों द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में बताने को कहा जाएगा। फिर एक चित्र देकर उसमें से खाली स्थान, प्रश्नों के उत्तर आदि पूछे जाएँगे।

| | |
|---|---|
| खेलना | रोना |
| नाचना | लिखना |
| पढ़ना | हँसना |
| गाना | सोना |
| खाना | जागना |

छात्रों को फूलों के नाम हिंदी में बताकर उन्हें कॉपी पर लिखवाए जाएँगे।

फूलों के नाम

1. कमल
2. गुलाब
3. चमेली
4. रात की रानी
5. गुड़हल

**Flash cards - Experimental Learning :** छात्रों को पुरानी पुस्तकों में से चित्र काट कर रंगीन कागज़ पर चिपकाने के बाद गत्ते पर चिपका कर लाने को कहा जाएगा। अध्यापिका इन चित्रों से संबंधित गतिविधियों को flash cards पर लिखकर एक खाली टोकरी में डालकर, छात्रों को चित्र दिखा उनके द्वारा की जा रही गतिविधि को टोकरी में से लिखे flash cards में से ढूँढ कर लाने को कहा जाएगा।

**Art Integration :** छात्रों को 'उद्यान' का चित्र श्यामपट्ट पर बनाना सिखाया जाएगा। फिर छात्र भल उस चित्र को बना कर उसमें रंग भरेंगे।

**Art and Craft** में फूल बनाकर चिपकाया जाएगा। साथ ही फूलों पर कविता भी सिखाई जाएगी।

## कविता

रंग-बिरंगे प्यारे फूल,
मुस्काते ये न्यारे फूल,
कितना कोमल इनका तन,
खींचे पल में सबका मन।
खूश्बू दूर-दूर फैलाते,
जो भी देखे उसे लुभाते।

**Interdisciplinary Linkages and Infusion of Life skills :** छात्र सामान्य क्रियाओं को चित्रों के माध्यम से सीखते हुए रोज़ाना की जिंदगी में उनका प्रयोग करेंगे। जैसे नाचना, कूदना, चढ़ना आदि। उन्हें फूलों का हिंदी नाम तथा उनके रंगों का भी पता चलेगा।

गुलाब कमल गुलबहार सूरजमुखी

**Information and Communication Technology**: मात्राओं का सही उच्चारण सिखाने के अध्यापिका द्वारा स्वयं बोलकर audio recording भी share की जाएगी।

चित्रों के वर्णन वाली तथा अलग-अलग फूलों के नाम तथा चित्र वाली videos भी share की जाएँगी।

Youtube links:

https://youtube.com/watch?v=fzdTvqA8jxg&feature=share

Practice Worksheet

प्र1. ‘ए’ की मात्रा के शब्द लिखो।

प्र2. Name the pictures

प्र3. Fill ups: भाग गई। (भेड़ / भेढ़)

**Practice Worksheet:**

प्र1. किन्हीं 7 फूलों के नाम लिखो।

प्र2. चित्र वर्णन

1. लड़का ........... रहा है।

2. माली ..... को पानी दे रहा है।

**Practice Worksheet**

प्र1. ऐ की मात्रा के शब्द लिखो।

प्र2. Name the pictures

प्र3 Fill ups : ....... खाली था। (मेदान/ मैदान )

**Remedial Teaching:** मात्राओं का उच्चारण सिखाने के लिए छात्रों को पास बुलाकर reading करवाई जाएगी। जो छात्र मात्रा को सही ढंग से पढ़ पाने में पिछड़ रहे होंगे उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ।

**Inclusive Practices and full participation without discrimination:** छात्रों से बिना किसी भेदभाव के reading करवाई जाएगी। मौखिक चर्चा के बाद मौखिक दोहराई करवाकर लिखित दोहराई भी करवाई जाएगी।

**Monthly Lesson Plan Class- 2nd** **OCTOBER 2025**

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** **(i)** मात्राएँ – औ , अं

**(ii)** फलों के नाम, सब्जियों के नाम, साल के महीनों के नाम

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** बच्चों को मात्राओं का ज्ञान होगा जिससे वह हिंदी भाषा को अच्छी तरह से समझ सकेंगे व उनकों भाषा का प्रयोग करना भी आएगा।

**Understanding Objective:** फूलों और सब्जियों के नाम हिंदी में बोलने और लिखने आएँगे। साल के महीनों के नाम में हिंदी में बोलने आएँगे।

**Skill Objective:** बच्चों सभी चीज़ों के नाम हिंदी में समझने में आसानी होगी। उनकी Vocabulary में विस्तार होगा।

**Previous Knowledge testing:** बच्चों से पिछली मात्राओं के बारे में पूछा जाएगा। फलों और सब्जियों के नाम बच्चों से पूछे जाएँगे।

**Teaching Adis:** श्यामपट्ट, झाड़न, चॉक, youtube links

**Pedagogical Strategies :** ओ की मात्रा की reading करवाकर प्रत्येक बच्चों से reading करवाई जाएगी, कठिन शब्दों के अर्थ भी बताए जाएँगे। ओ की मात्रा में से words, name the pictures and fill ups समझा कर करवाए जाएँगे। मात्रा में से Dict की practice करवाई जाएगी and Dict. test लिया जाएगा। पुस्तक में से औ की reading करवाई जाएगी। बच्चों को कठिन शब्दों के अर्थ समझाए जाएँगे। प्रत्येक बच्चे से reading करवाई जाएगी। words समझाकर लिखवाए जाएँगे।

1. कौन 2. बौना

औ की मात्रा में से Name the pictures समझा कर करवाई जाएँगी।

औ की मात्रा में से Fill ups समझा कर करवाए जाएँगे।

1. कौआ उड़ रहा है। 2. माली ने पौधा लगाया।

अं की मात्रा की भी reading करवा कर words लिखवाए जाएँगे।

जैसे – अंग, रंग

Name the pictures समझा कर करवाई जाएँगी।

गेंद, बंदर, अंक

अं की मात्रा में से Fill in the blanks समझा कर करवाए जाएँगे।

1. पंडित जी मंदिर गए।   2. कंचन ने कंगन पहना।

फलों और सब्ज़ियों के नाम चित्र दिखाकर समझा कर करवाए जाएँगे।

सब्जियों के नाम भी चित्र देखकर समझाकर करवाए जाएँगे। बैंगन, प्याज
साल के महीनों के नाम समझाकर करवाएँ जाएँगे।

सिलेबस पूरा होने पर मौखिक अध्ययन करवा कर लिखित अध्ययन करवाया जाएगा। Dict. की rev. करवा कर Dict. test भी लिया जाएगा।

**Art Integration:** बच्चे फलों, सब्जियों के चित्र स्वयं बनाएँगे व उनमें रंग भरेंगे। साल के महीनों के नाम के Flash cards भी बच्चों द्वारा स्वयं जाएँगे।

**Interdisciplinary linkage and infusion of life skills:** बच्चों को फलों और सब्जियों के लाभ बताए जाएँगे जिस कारण उनमें goods eating habits पैदा होंगी।

**Recapitulation :** बच्चों से साल के महीनों के नाम के नाम से प्रश्न पूछे जाएँगे।

(i) https:// youtu.be/i3HkrSwoe80

(ii) https://youtu.be/akbc4oYafko

**Assessment Sheets:**

1. Write words of औ   2. Write words of अं

3. 5 फलों के नाम लिखो।   4. फूलों के नाम लिखो।

5. साल का आखिरी महीना कौन सा है?

**Monthly Lesson Plan Class- 2nd** **NOVEMBER 2025**

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** मात्राएँ – चाँद बिंदु, जानवरों के नाम (जंगली) चित्र वर्णन

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** मात्राएँ करवाने से बच्चों का हिंदी भाषा के ज्ञान में वृद्धि होगी। मात्रा सीखकर नए शब्द बनाकर वे हिंदी भाषा का जीवन में प्रयोग सीख पाएँगे।

**Understanding Objective:** जंगली जानवरों के नाम सीखकर बच्चे पालतू व जंगली जानवरों में अंतर जान पाएँगे।

**Skill Objective:** इसके दवारा बच्चे हिंदी पढ़ने लिखने, बोलने और समझने में तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति करने में भी सक्षम होंगे।

**Previous Knowledge testing:** बच्चों से पूछा जाएगा कि उन्होंने चाँद बिंदु की भाषा का ज्ञान है। तथा जंगली जानवर कौन-कौन से होते हैं।

**Teaching Adis:** चॉक, झाड़न, बोर्ड, चित्र, फ्लैश कार्ड आदि

**Pedagogical Strategies :** बच्चों की कक्षा में चाँद बिंदु की मात्रा की reading करवाई जाएगी तथा बच्चों को चाँद बिंदु की sound समझाई जाएगी। बच्चों को चाँद बिंदु की मात्रा के शब्द, Name the pictures तथा fill ups समझाकर करवाए जाएँगे।

**Flash cards - Experimental Learning :** बच्चों को जंगली जानवरों से संबंधित flash cards बनवाए जाएँगे। अलग-अलग जानवरों के flash cards दिखाकर उनकी पहचान करवाई जाएगी।

**Art Integration :** बच्चों को कक्षा में गतिविधि करवाई जाएगी। कुछ मात्राओं के शब्द बताकर चाँद बिंदु के शब्द अलग करने को कहा जाएगा।

**Interdisciplinary linkage and infusion of life skills:** बच्चों को फलों और सब्जियों के लाभ बताए जाएँगे जिस कारण उनमें goods eating habits पैदा होंगी।

**Recapitulation :** बच्चों से किए गए कार्य में दोहराई करवा कर प्रश्न पूछे जाएँगे। तथा यह भी पूछा जाएगा कि जंगली व पालतू जानवरों में क्या अंतर होता है।

**Resruoces Including ICT (information and communication technology):** चाँद बिंदु की मात्रा का उच्चारण सिखाने के लिए बच्चों के साथ youtube links share किए जाएँगे।

**Assessment Sheets:** बच्चों की जानकारी देखने के लिए बच्चों को अध्यापक द्वारा Assessment Sheets दी जाएगी।

**Remedial Teaching:** बच्चों को पास बुलाकर उच्चारण सिखाया जाएगा। लेखन सुधारने के लिए कॉपी पर लिखकर सुधार करवाया जाएगा।

**Monthly Lesson Plan Class- 2nd** **DECEMBER 2025**

**No of Teaching Days : 19**

**TOPIC:** रेफ , पेदन की मात्रा + Revision of Periodic Test + 2nd

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** बच्चे रेफ तथा पेदन के मात्रा से र के प्रयोग के दो विभिन्न रुप सीखेंगे। वह भाषा और अच्छे ढंग से प्रयोग में ला सकेंगे।

**Understanding Objective:** बच्चे र के भिन्न रुपों में भेद कर पाने में सक्ष्म होंगे। वह शब्दों के ध्वनि से शब्द लिख पाएँगे तथा उनमें अंतर बता पाएँगे जैसे क्रम कर्म

**Application Objective:** बच्चे इस विषय से भाषा को बेहतर ढंग से इस्तेमाल कर पाएँगे। वह अपनी भाषा को बेहतर और अलंकृत कर पाएँगे।

**P.K. Testing:** सूरज के और क्या क्या नाम हैं?

पर्वत किसे कहते हैं?

**Teaching Adis:** पुस्तक, बोर्ड, flash cards, झाड़न, चॉक

**Pedagogical Strategies :** रेफ व पदेन के मात्रा के शब्द स्वयं उच्च स्वर में पढ़ कर क्रमानुसार सभी बच्चों से पढ़वाए जाएँगे। नए तथा कठिन शब्दों का उच्चारण करना बता कर उनके अर्थ स्पष्ट किए जाएँगे।

रेफ

बच्चों को पर्स परस / नरतक - नर्तक

नरतक नर्तक

में अंतर बता कर समझाया जाएगा। र के इस रुप को र की ध्वनि बिना स्वर के होती है।

पर्व - प् + अ + र + व् + अ

पदेन टरक ट्रक / डरम - ड्रम

र के इस रुप में र की ध्वनि पूरी होती है। लेकिन जिस के पद में यह आता है उसकी ध्वनि बिना स्वर के होती है।

ट्रक - ट् + र् + अ + क् + अ

रेफ व पदेन की मात्राओं के शब्द समझा कर लिखवाए जाएँगे। इसके पश्चात् Name the pictures करवाए जाएँगे। पदेन के मात्रा दो प्रकार से प्रयोग की जाती है। (ट्र ‸ प्र ‐ )

तत्पश्चात् खाली जगह भरो करवाए जाएँ रेफ़ की मात्रा

1. नर्तक नाच रहा था। 2. पानी गर्म है।

पदेन की मात्रा

1. ड्रम में से पानी दो। 2. ट्रेन देरी से आई।

इसके बाद बच्चों का कार्य पूरा करवा कर सुंदर लिखाई तथा सही बनावट पर ध्यान दिया जाएगा। इसके बाद Periodic Test के सभी विषयों के मौखिक दोहराई करवा कर लिखित दोहराई करवाई जाएगी।

**Experiential Learning :** बच्चे स्वयं सही व गलत शब्द बोल कर मात्रा के प्रयोग को समझेंगे। इस मात्रा का प्रयोग वे विभिन्न शब्दों द्वारा खुद समझेंगे।

**Art Integration :** बच्चे मात्राओं से संबंधित चित्र बना कर उनमें रंग भरेंगे।

**Interdisciplinary linkages and infusion of life skills:** बच्चे ग्रह शब्द का अर्थ समझेंगे। साथ ही ब्रहमांड में 9 ग्रह है। पृथ्वी भी एक ग्रह है। सीखेंगे। (Science) नए शब्द नर्तक (Dancer) फ़र्श (Floor) राष्ट्र (Nation) सीखेंगे।

**Information and Communication Technology Smart Class :** पर विभिन्न Videos दिखाई जाएगी।

Link: https://youtu.be/7hPwp7YvmP4

**Assessment Sheets:** चित्रों के नाम लिखों

**Remedial Teaching :** जिन छात्रों को इन मात्राओं को  समझने में कठिनाई होगी उन्हें अलग से दुबारा से इन मात्राओं को समझाया जाएगा।

**Inclusive Practices and full participation without discrimination:** सभी बच्चों को बिना किसी भेदभाव के कक्षा में हो रही सभी गतिविधियों में शामिल किया जाएगा।

## Monthly Lesson Plan Class- 2nd JANUARY 2024

**No of Teaching Days :**

**TOPIC:** गिनती, पक्षियों के नाम, सप्ताह के दिनों के नाम, चित्र वर्णन, वाक्य बनाओ।

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इसके अंर्तगत बच्चों को हिंदी में गिनती, पक्षियों के नाम, सप्ताह के दिनों को हिंदी में ज्ञान तथा वाक्य बनाओ करवाएगें ताकि उनकी हिंदी भाषा में विकास हो।

**Skill Objectives :** इसमें बच्चों को विभिन्न-विभिन्न पक्षियों का हिंदी में शुद्ध नाम उनका उच्चारण, सप्ताह के दिनों का शुद्ध ज्ञान दिया जाएगा। उनकी शब्दावली भंडार में वृध्दि होगी।

**Understanding Objective:** बच्चे र के भिन्न रुपों में भेद कर पाने में सक्ष्म होंगे। वह शब्दों के ध्वनि से शब्द लिख पाएँगे तथा उनमें अंतर बता पाएँगे जैसे क्रम कर्म

**Previous Knowledge Testing:** इसमें विद्यार्थियों से पूछा जाएगा कि उनके घर में कोई पालतू पक्षी है? उनकों सामान्य ज्ञान की परख के लिए पालतू पक्षी जानवरों के बारे में discussion की जाएगी। कुछ चित्र दिखाकर उनके बारे में अपने विचार व्यक्त करने के लिए कहा जाएगा।

**Teaching Adis:** श्यामपट्ट, झाड़न, चॉक, पक्षियों गिनती के flash cards, youtube link

**Pedagogical Strategies :** अध्यापिका के द्वारा गिनती सबसे पहले Blakc Board पर लिख कर समझाई जाएगी कुछ numbers का शुद्ध उच्चारण व लिखने का

ढंग बताया जाएगा। आधे अक्षरों का कैसे उच्चारण करना है वह भी सिखाया जाएगा। उसके उपरांत पक्षियों के नाम सिखाए जाएंगे। सप्ताह के दिनों का English के साथ हिंदी भाषा में क्या कहते है, वह बताया जाएगा। बच्चों को चित्र वर्णन के दवारा अपने भावों को व्यक्त करने का मौका दिया जाएगा।

**Experiential Learning :** अध्यापिका द्वारा बच्चों से पक्षियों के flash cards बनवाए जाएंगे। गिनती के भी flashcard बनवाए जाएगें। बच्चों की वाक्य शुद्धि के लिए practice करवाई जाएगी।

**Art Integration :** अध्यापिका द्वारा बच्चों से अपनी कल्पना शक्ति के आधार पर पक्षियों का चित्र, गिनती के flash cards बनवाए जाएगें।

अंकों को क्रम से मिलाते हुए चित्र पूरा करो और रंग भरो।

**Interdisciplinary linkages and infusion of life skills:** इसमें विद्यार्थियों को चित्र वर्णन के द्वारा अपनी मन के विचारों को दूसरों के साथ सांझा करना सीखेंगे । हिंदी में गिनती के दवारा आधे अक्षरों का पूर्ण ज्ञान प्राप्त होगा।

**Recapitulation :** कक्षा के करवाए गए सभी Topics की मौखिक दोहराई करवाई जाएगी, उसके बाद Black Board rev. भी करवाई जाएगी।

**Resources Including ICT:** इसमें उनकी रुचि बढ़ाने के लिए youtube link share किए जाएँगे।

https://youtube.com/watch?v=SO1yTlufHm4

https://youtu.be/UTQyNJ8TB9E

**Assessment Sheets:** विद्यार्थियों की समझ परखने के लिए Assessment Sheets दी जाएगी।

**A.** वाक्य बनाओः 1. उपहार 2. मनपसंद 3. परिवार 4. मित्र

**B.** गिनती लिखें : 1. 27 2. 11

**Remedial Teaching :** बच्चों का लेखन सुधारने के लिए विशेष रुप से लिखना, पढ़ना सिखाया जाएगा कक्षा में की गई त्रुटियों को 5-5 बार लिखवाया जाएगा।

**Inclusive Practices and full participation without discrimination:** कक्षा में करवाई जाने वाली सभी गतिविधियों में बच्चों को ज्यादा से ज्यादा भागीदार बनाया जाएगा। उनका मनोबल बढ़ाने के लिए बिना किसी मतभेद के उनको आगे लाया जाएगा। Weak Students पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**No of Teaching Days : 20**

**TOPIC:** छात्रों को विभिन्न मात्राओं के मध्य अंतर अभ्यास के द्वारा स्पष्ट किया जाएगा। संपूर्ण पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति

**No of days required to complete the topic: 18**

**Knowledge objective:** छात्र हिंदी विषय की आधारशिला (मात्राओं) को भली प्रकार आत्मसात् करेंगे।

**Understanding Objective:** विभिन्न मात्राओं की शब्दावली का अभ्यास करते हुए नए शब्दों से परिचित होंगे।

**Skill Objectives :** नई मात्राओं के साथ ध्वनि के सिद्धांत को सूक्ष्म रुप से ग्रहण करेंगे। छात्र समझ पाएंगे कि इ, ई, व उ, ऊ के उच्चारण में क्या अंतर है?

**Previous Knowledge Testing:** छात्रों से पूर्व में की गई मात्राओं के संबंध में प्रश्न पूछे जाएँगे।

**Teaching Adis:** हरित पट्ट, चॉक, झाड़न, फ्लैश कार्ड, पुस्तक

**Pedagogical Strategies :** छात्रों को पूर्व में की गई मात्राओं के संबंध में प्रश्न पूछे जाएँगे। इ, ई, उ, ऊ की मात्रा के शब्द बोर्ड पर लिख कर उनका उच्चारण करवाया जाएगा। गलत वर्तनी को शुद्ध करने के लिए कहा जाएगा।

छात्रों को एक से तीस तक की गिनती की मौखिक पुनरावृत्ति करवाई जाएगी। तत्पश्चात हरित पट्ट पर सीढ़ी की आकृति बना कर दिखाई जाएगी। छात्रों को एक से तीस तक की गिनती के फ्लैश कार्ड बाँट दिए जाएँगे। अशुद्ध वर्तनी वाले कार्ड भी इनमें शामिल होंगे। तत्पश्चात क्रमानुसार छात्र फ्लैश कार्ड ला कर आकृति से सही

स्थान पर लगाएँगे। जो छात्र अशुद्ध वर्तनी पहचान लेंगे। उन्हें शाबाशी दी जाएगी। इस प्रकार खेल-खेल में 'गिनती' की पुनरावृत्ति हो जाएगी।

इसी प्रकार सप्ताह के दिनों के नाम की मौखिक पुनरावृत्ति करवाई जाएगी। पक्षियों के सुंदर चित्र दिखाकर उनके नाम पूछे जाएँगे व कॉपी में लिखने को कहा जाएगा। इस कार्य में फ्लैश कार्ड की मदद ली जाएगी।

छात्रों को चित्र उपलब्ध करवाया जाएगा। उस से संबंधित प्रश्न अगले पृष्ठ पर संलग्न कर उत्तर लिखवाए जाएँगे।

**Experiential Learning :** छात्र स्वयं कोई चित्र ढूँढकर उस से संबंधित छोटे-छोटे वाक्य बनाने का प्रयत्न करेंगे। उस चित्र में आए शब्दों के नाम कॉपी में लिखेंगे।

**Art Integration :** छात्रों से पक्षियों के चित्र कॉपी में चिपकाकर उनके नाम लिखने को कहा जाएगा।

**Interdisciplinary linkages and infusion of life skills:** छात्रों से कक्षा में एक वार्तालाप करवाया जाएगा जिसमें वे सभी हिंदी में एक से तीस तक गिनती व सप्ताह के दिन हिंदी में बोलने का अभ्यास करेंगे।

**Recapitulation :** उपर्युक्त सभी विषयों की मौखिक व लिखित पुनरावृत्ति करवाई जाएगी।

**Resources Including ICT:** youtube links का प्रयोग करते हुए छात्रों को विभिन्न मात्राएँ व अन्य विषय समझाए जाएँगे।

**Assessment:** छात्रों को छोटे-छोटे अभ्यास कार्य पत्र दिए जाएँगे।

हिंदी में लिखोः 1, 5, 20, 15, 29

2. सोवार के बाद कौन-सा दिन आता है?

3. अशुद्ध शब्द पर 0 लगाओ।

चिड़िया, किताब, तोता, पुस्तक, ग्यारह

**Remedial Teaching :** जिन छात्रों को विषयगत कोई परेशानी है उन पर व्यक्तिगत ध्यान देकर उन्हें मुख्य धारा में लाया जाएगा।

**Inclusive Practices and full participation without discrimination:** सभी छात्रों को बिना किसी भेद भाव के कक्षा में भागीदारी का अवसर दिया जाएगा।